an>

Title: Regarding forensic test of the exposure made by Narda News Dot.

श्री मोहम्मद सलीम (रायगंज) : मैडम, मैं आपके सामने एक विनमॖ निवेदन करना चाहता हूं...(व्यवधान) हम अक्सर ज्युडिशियरी को यह कहते हैं कि "Justice delayed is justice denied." लेकिन यह हमारे देश की सबसे बड़ी पंचायत है और मैं केवल पांच वाक्य कहूंगा। आज पांच महीने हो गये, हमने यहां नारदा न्यूज़ डॉट काम में जो घूस कांड एक्सपोजर हुआ था...(व्यवधान) उसमें फोरेंसिक लैब ने यह कह दिया कि वह सी.डी. सही है, लेकिन आज तक एथिक्स कमेटी की बैठक नहीं हो रही है। ...(व्यवधान) देखिये कैसे चिल्ला रहे हैं, चोर की दाढ़ी में तिनका।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्री एम.बी.राजेश, श्रीमती पी.के. श्रीमथि टीचर, श्री पी.करुणाकरण, डा. ए.सम्पत, श्री पी.के.बीजू तथा श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री मौहम्मद सलीम द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।